मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY **संपादक :** छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 11 अंक -05 मुंबई, सोमवार, दिनांक 23 से 29 अक्टूबर 2023 पृष्ठ : 04 कीमत : 3 /- रुपये




## फ्रीज किए लॉकर से करोड़ों की नगदी और सोना गायब!

**आरोपियों ने कुएं में छिपाया**

**पुलिस को मिली बड़ी सफलता**




**नागपुर,** महाराष्ट्र राज्य के सबसे सनसनीखेज 58 करोड़ की ऑनलाइन गेमिंग धोखाधडी के मामले में नागपुर पुलिस ने बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने भंडारा जिले में और गोंदिया जिले में कई जगहों पर छापेमारी की। यहां पुलिस ने 3 करोड़ रुपए एयर करोड़ों का सोना बरामद किया है। बता दें कि ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी में 58 करोड रुपए की ठगी करने वाले इंटरनेशनल बुकी अनंत उर्फ सोंटू जैन के फ्रीज किए गए लॉकर से यह सब गायब किया गया था।

आरोपी ने इस घटना को गोंदिया के एक बैंक मैनेजर तथा चिकित्सक दंपति की मदद से जाम दिया था। सोंटू के आईफोन की जांच में पूरा मामला सामने आने के बाद पुलिस ने गोंदिया और भंडारा की सात जगहों पर छापा मार कर 3 करोड़ की नगदी तथा 2 करोड़ रुपए की कीमत का 2 किलो 200 ग्राम सोना बरामद किया है। 58 करोड़ रुपए की ठगी में सोंटू क्राइम ब्रांच की हिरासत में है। पुलिस ने उसका लैपटॉप और आईफोन बरामद किया था।

हालांकि उसने दोनों को फॉर्मेट करने के बाद पुलिस को सौपा था। पुलिस ने आधुनिक तरीके का इस्तेमाल कर मोबाइल का डाटा रिकवर कर लिया। इस डाटा से पता लगा कि उसने सोना अपने घर के कुएं में छुपा कर रखा था। पुलिस ने छापे के दौरान कुएं के ऊपर काफी कचरा नजर आया। उसे हटाने पर जाली पर लटकी हुई एक रस्सी दिखाई दी। इस रस्सी में एक बैग था जिसमें सोना रखा हुआ था।

नागपुर के पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने कहा कि नागपुर सिटी पुलिस ने जैन परिवार के नाम पर पंजीकृत लॉकर खोलने के लिए 27 जुलाई को बैंक को नोटिस दिया था। नोटिस मिलने पर मैनेजर ने सोंटू से संपर्क किया और इस बारे में जानकारी दी। सोंटू ने मैनेजर के साथ मिलकर साजिश रची। उन्होंने प्लानिंग के तहत इसी ब्रांच में दूसरे के नाम पर 3 लॉकर लिए, फिर जैन परिवार के लॉकर में रखी रकम को नए लॉकर में रख गया।




सुप्रसिद्ध वरिष्ठ फिल्म अभिनेता जैकी श्राफ के सुपुत्र फिल्म अभिनेता टायगर श्राफ ने दादर प्रभादवी स्थित श्रीसिद्धिविनायक मंदिर में माथा टेका।मंदिर ट्रस्ट के विश्वस्त सर्वश्री राजाराम देशमुख ने उन्हें अंग वस्त्र और गणपति बाप्पा की तस्वीर देकर उनका अभिनंदन किया।


## शीतकालीन सत्र की घोषणा,

### 7 दिसंबर से 20 दिसंबर तक चलेगा सत्र




**मुंबई,** महाराष्ट्र में शीतकालीन सत्र की ओर सबकी नजरें अडी थी की कब यह शुरू होने वाला है। अब इसे लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है जिससे कई सवाल उठ रहे है। क्या विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर को समाप्त हो जाएगा? 7 दिसंबर से 20 दिसंबर के बीच दस दिवसीय कार्यसूची की घोषणा हुई है। आइए जानते है। हाल ही में सामने आई जानकारी के मुताबिक, नागपुर में होने वाले शीतकालीन सत्र का अंतिम कैलेंडर जारी कर दिया गया है और इसमें 7 दिसंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर तक चलने वाले सत्र के कामकाज का जिक्र किया गया है।


















## संपादकीय
छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# यहूदी नरसंहार

गाजा पट्टी से संचालित फिलिस्तीनी उग्रवादी समूह हमास ने दक्षिणी इजरायल में असाधारण स्तर पर हमला किया जिसने पूरी दुनिया को हिला दिया। अभी भी यह पता नहीं है कि हमले में कितने इजरायली (तथा अन्य देशों के नागरिक) मारे गए और कितने बंधक बनाए गए हैं। मरने वालों की तादाद सैकड़ों में है। एक छोटे देश के लिए यह तादाद बहुत बड़ी है। कुछ लोगों का कहना है कि होलोकॉस्ट (यहूदी नरसंहार) के बाद पहली बार एक दिन में इतने अधिक लोग मारे गए हैं। इजरायली प्रशासन के बारे में पारंपरिक रूप से यह माना जाता रहा है कि वह फिलिस्तीनी आतंकवादियों द्वारा किए गए हमलों की प्रतिक्रिया बहुत उग्र तरीके से देता है। ऐसे में हमास के हमले के बाद यह आशंका बलवती है कि भीड़भाड़ वाली गाजा पट्टी की घेराबंदी और नाकाबंदी होगी और वहां के लोगों को भीषण मानवीय आपदा का सामना करना पड़ेगा। आम नागरिकों की हत्या और अपहरण की प्राथमिक जिम्मेदारी हमलावरों की होगी। अन्य संगठनों की तुलना में हमास ने बहुत पहले फिलिस्तीन की आजादी के संघर्ष के लिए अतिवादी और उग्रवादी रुख चुन लिया था। एक खुली जंग में भी इसे एक हिंसक और गलत युद्ध अपराध माना जाता। परंतु इसके दोषी चौतरफा हैं।

इजरायल में दक्षिणपंथी लोकप्रिय नेता बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार है और वह भी इसके लिए जवाबदेह हैं। नेतन्याहू को अपने अतिराष्ट्रवादी और कट्टरपंथी गठबंधन साझेदारों को खुश करना है और इसके लिए उन्होंने इजरायली सेना और खुफिया सेवाओं के साथ मिलकर लड़ाई को चुना। उन्होंने फिलिस्तीनियों को हाशिये पर धकेल दिया और उनके समक्ष दो राष्ट्रों वाले हल की कोई आशा जीवित न रहने दी। बाद की हरकतों ने हमास को आतंकी कार्रवाई में संलिप्त कर दिया जबकि पहले की घटनाओं में खुफिया और सैन्य नाकामियों ने योगदान दिया। इसकी वजह से उग्रवादी घंटों तक इजरायल की सीमा में कई किलोमीटर भीतर तक घुसे रहे और उन्हें जमीन पर किसी प्रतिरोध का सामना नहीं करना पड़ा। इजरायल को सुरक्षा की गारंटी देने वाले अमेरिका ने दशकों से फिलिस्तीनियों के अधिकारों की अनदेखी की है। उसने कभी नेतन्याहू की अतियों पर लगाम लगाने की कोशिश नहीं की। हमास का कहना है कि उसे इस हमले में ईरान की मदद मिली है। ईरान खुद को क्षेत्रीय आधिपत्य वाली उस भूमिका के नाकाबिल साबित कर रहा है जिसकी वह आकांक्षा रखता है। भारत, सऊदी अरब से लेकर तुर्की तक अन्य क्षेत्रीय शक्तियों ने एक क्षेत्रीय एजेंडे की सीमा को समझ लिया है और वे बिना फिलिस्तीनी नागरिकों के अधिकारों के सवाल को हल किए, इजरायल के साथ रिश्तों को सामान्य करना चाहती हैं। अब ध्यान इस बात पर केंद्रित किया जाना चाहिए कि यह संघर्ष आगे और न भड़के। गाजा में कुछ प्रतिक्रिया होना लाजिमी है लेकिन ऐसे किसी भी बड़े भड़कावे से बचना होगा जिसमें लेबनान और ईरान भी शामिल हो जाएं। भारत का हित भी इसी बात में निहित है कि क्षेत्र में जल्दी शांति और स्थिरता कायम हो। कच्चे तेल की कीमतें पहले ही भारत के लिहाज से काफी ऊंची हो चुकी हैं और उसने हाल ही में पश्चिम एशिया में बड़ी अधोसंरचना योजनाओं में भागीदारी की घोषणा की है। भारत–पश्चिम एशिया–यूरोप कॉरिडोर (आईएमईसी)इस बात पर निर्भर है कि संयुक्त अरब अमीरात और इजरायल के बंदरगाहों के बीच सुरक्षित जमीनी संपर्क संभव हो। अगर अरब देशों और इजरायल के बीच रिश्ते बिगड़ते हैं या इजरायल की सीमा पर लड़ाई लंबी चलती है तो ऐसी योजना को क्षति पहुंचेगी। भारत को तात्कालिक समस्या को लेकर संतुलित प्रतिक्रिया देनी होगी जबकि इसके साथ ही उसे दीर्घकालिक नजरिया भी अपनाना होगा।

# 'द गार्डन इन कॉर्बेट रिसोर्ट' का शानदार शुभारंभ

**संवाददाता**

**रामनगर।** छोई में हनुमान धाम के पास 'द गार्डन इन कॉर्बेट रिसोर्ट' का शानदार शुभारंभ दिल्ली सरकार में पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य जय किशन ठाकुर और दूरदर्शन न्यूज के पूर्व सीनियर एंकर नदीम अख्तर ने फीता काटकर किया । शांत और हरे भरे वातावरण के बीच स्थित ये रिसोर्ट आने वाले मेहमानों को एक खुशनुमा और यादगार अनुभव कराएगा।

इस मौके पर बोलते हुए मुख्य अतिथि और सामाजिक कार्यकर्ता नदीम अख़्तर ने कहा की उत्तराखंड में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए यहां की जलवायु, ऐतिहासिक



मंदिर, चारधाम, कलियर शरीफ की मजार, हेमकुंड साहिब जैसे धार्मिक स्थानों के साथ ही हिमालय की वादियां मौजूद है । उन्होंने कहा की इस क्षेत्र में स्थित जिम कॉर्बेट पार्क भी देसी विदेशी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा की पूरे क्षेत्र के विकास के लिए स्थानीय युवाओं को पर्यटन रोजगार से प्राथमिकता के आधार पर जोड़ना जरूरी है । कार्यक्रम में बोलते हुए जय किशन ठाकुर ने सभी का आभार जताया और उत्तराखंड से अपने जुड़ाव को याद किया । इस कार्यक्रम में दिल्ली बाढ़ विभाग में सहायक अभियंता हंस कुमार, ई एन टी सर्जन डॉ जैद ए अंसारी, दिल्ली जल बोर्ड के सहायक अभियंता पुनीत कौशिक, केशव कुमार, चार कदम समाचार पत्र के उप संपादक विकास ठाकुर, असमा अंसारी, रेखा ठाकुर और अनीता कौशिक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# प्राचीन रामलीला समिति सीखड़ के आठवें और नौवें दिन का मेला हुआ सम्पन्न

**गौरेया सीखड़,** जनपद के चुनार तहसील क्षेत्र के सीखड़ में आयोजित होने वाले 15 दिवसीय रामलीला के सातवें दिन का प्रसंग भगवान श्री हरि विष्णु के पावन मंदिर पर भगवान श्री राम माता सवरी के आश्रम में जाना उनका जुठा बैर प्रेम से खाना उन्हें नवधा भक्ति का उपदेश देना फिर विनोद चौबे के दरवाजे पर पंपा पुर सरोवर पर पहुंचना वहां ब्राह्मण के बेस में हनुमान जी से मुलाकात होना और उसके बाद ऋषि मुक पर्वत पर वानर राज सुग्रीव से भगवान का मित्रता होना उनके ताड़ के सात वृक्ष को मार गिराना गुन्नू पांडेय के दरवाजे पर हुआ। तदुपरान्त नवें दिन का प्रसंग गौरया ग्राम पंचायत भवन टाणी पर ग्राम प्रधान धनंजय मिश्रा के कुशल नेतृत्व में भगवान का भव्य स्वागत वानर राज सुग्रीव वाली का मल युद्ध भगवान श्री राम द्वारा वाली का वध तथा सुग्रीव वर्षा ऋतु लक्ष्मण द्वारा सुग्रीव पर क्रोध का प्रसंग टुनटुन त्रिपाठी के दरवाजे पर तथा माता सीता का खोज करने हेतु वानरों की सेना समुद्र तट पर पहुंचना मंत्री जामवंत द्वारा हनुमान को बल का याद दिलाना समुद्र पर छलांग लगाकर समुद्र पार कर लंका में प्रवेश करने का प्रसंग रामनिवास मिश्रा के दरवाजे पर हुआ। उसके बाद मेला मैदान में

स्थित लंका पुरी को भक्त शिरोमणि हनुमान जी महाराज द्वारा पुरे लंका को जला कर राख कर देने तक का रामचरितमानस का प्रसंग पुरा हुआ। वहीं 15 दिवशीय मेले की कुशल नेतृत्व समिति के अध्यक्ष युवा ऊर्जा वान प्रतिभा के धनी सौरभ पाण्डेय द्वारा किया जा रहा है। आगे रामलीला के प्रसंगों का स्वर बद्ध पाठ का कार्य धर्मेंद्र पाठक, बचानी मास्टर तुफानी शुक्ला, कल्लू पाठक, पंकज शुक्ला, शर्मा पांडेय, मृतुंजय मिश्रा, शिवम् पांडेय, शुभम गवर्नर दुबे तथा वाद्य यंत्र पर जिलानी मास्टर, अंशू मिश्रा, छुन्ना आदि लोग प्रसन्नता पूर्वक कर रहे हैं। मेले में संरक्षक उमेश चन्द्र पाण्डेय, महिमा दत्त द्विवेदी, मेला प्रबंधक अभय शंकर चौबे, कोषाध्यक्ष योगेश्वर त्रिपाठी कार्यकारणी सदस्य मुकेश त्रिपाठी अशोक गुप्ता, रतन पांडेय, रत्नेश त्रिपाठी, विनोद गुप्ता, बच्चन पाठक अखिलेश त्रिपाठी बबलू तिवारी, राही पांडेय, प्रधान धनंजय मिश्रा, गुड्डू पांडेय, तथा मिन्टू तिपाठी दीपू पांडेय, गणेश पांडेय, अशूमान चौबे, रामनिवास मिश्रा, गोली मिश्रा, अंकित दुबे, पुरोहित धैर्य नारायण मिश्रा, श्रृंगारिया रिक्कू मिश्रा नरेश त्रिपाठी ताड़केश्वर मिश्र, सहित गौरया से शील्पी ग्राम पंचायत और क्षेत्रीय हजारों की संख्या में लीला प्रेमी मौजूद रहे।



राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

# साई ज्योति क्लिनिक का कंजूर मार्ग में उद्घाटन




**मुंबई,** कंजूर मार्ग, नेहरू नगर के रफ्थ सोसाइटी, शॉप नंबर 12 में साई ज्योति क्लिनिक का शुभारंभ डॉ नरेंद्र पूरी (एमबीबीएस डीसीडी) दमा रोग, डायबिटीज, हृदय रोग, थायराइड के विशेषज्ञ और डॉ पायल ए शर्मा (बीएचएमएस (एम यू एच एस) पी जी डी ई एम एस) स्त्री रोग तज्ञ, त्वचा रोग एवं गर्भ तपसनी, विशेषज्ञ डॉक्टर यहां पर अपनी सेवाएं देंगे। बता दे की नेहरू नगर में इस क्लीनिक के खुलने से मध्यम वर्गीय व निम्न वर्गी लोगों को बहुत ही कम फीस में स्वास्थ्य लाभ होगा।





**कदम कदम पर**
**कैलेण्डर 2024**



**विज्ञापन दर**

| | |
|---|---|
| विजिटिंग कार्ड साईज<br>विजिटिंग कार्ड साईज | : प्रति माह 2000/-<br>:12 माह 20000/- |
| डबल वि. कार्ड साईज<br>विजिटिंग कार्ड साईज | : प्रति माह 3000/-<br>: 12 माह 30000/- |

कैलेंडर हेतु विज्ञापन की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2022
संपादक - छोटेलाल शर्मा
मो.:09819862172
प्रबंध संपादक - अनिल शर्मा
मो.:09833329721
नोट :चेक, डीडी. 'कदम कदम पर' के नाम से जारी करें.
Email : kadamkadampar1@gmail.com
**A/c Name :** Kadam Kadam Par
Branch : Kanjurmarg (East), Mumbai - 78.
Bank of Maharashtra Kanjur Marg (W)
A/c No. : 60342646436
IFC Code : MAHB0000397




# वर्षा गायकवाड द्वारा मुलुंड के नवरात्र मंडल का दौरा संपन्न

**मुंबई-** मुंबई कांग्रेस की अध्यक्षा प्रा.वर्षा गायकवाड द्वारा मुलुंड पुर्व के नवदुर्गा एकता मित्र मंडळ.श्री. दुर्गा माता मित्र मंडळ.नानेपाडा मित्र मंडळ.एवम मुलुंड प.के अचानक मित्र मंडळ,डंपिंग रोड, उत्तम सेवाभावी संस्था,गोशाला रोड का दौरा कर सभी श्रद्धालुओं को नवरात्रोत्सव की शुभ कामनायें प्रदान किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता बी के तिवारी,गोविंद सिंह, डॉ. आर.आर.सिंह, डॉ.बाबुलाल सिंह, अब्राहम राय मणी (जिलाध्यक्ष), उत्तम गीते (कार्याध्यक्ष), राजेश इंगले, संतोष सोनावणे, कैलाश पाटील, डॉ. सचिन सिंह, डॉ.आर. एम.पाल, मधुकर म्हात्रे, संजय घरत, मोहनलाल राज, आदित्य गीते,रईस खान, शरीफ खान, रिजवान, अविनाश पाठक, राजन उटवाल, भगवान गीते,अशोक गायकवाड, राजू कदम, संजय झा,अनिल सिंह, श्रीकांत सालुंके सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रेरणा डांडिया रास में सांसद मनोज कोटक द्वारा अतिथीयों का सम्मान



वरिष्ठ कांग्रेस नेता, समाज सेवक भंवर सिंह राजपुरोहित के जन्म दिवस पर पुष्प गुच्छ प्रदान कर बधाई देते हुये।

**मुंबई-** मुलुंड प. के महाकवि कालीदास ग्राउंड में सांसद मनोज कोटक द्वारा नवरात्र के पावन पर्व पर प्रेरणा डांडिया रास का आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवक डॉ.बाबुलाल सिंह, दयाशंकर सिंह, डॉ.आर.एम.पाल, एड.कुंवर सिंह, युवा समाजसेवक डॉ.सचिन सिंह, अविनाश पाठक, शरीफ खान, मनोज सिंह का सम्मान अंबे माता के दुपट्टा पहना कर एवम स्मृति चिन्ह भेट कर सांसद मनोज कोटक ने सम्मान किया। इस अवसर पर समाज सेवी डॉ.मिलिंद शेजवल,केतन कोटक, जयेश जोशी,डॉ.श्वेता शेजवल, हर्षद जोशी, राजेश चावडा, अशोक शर्मा, गणेश पांडेय, मुन्ना यादव, युवाब्रिगेड एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.सचिन सिंह एवम राकेश मिश्र सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# वैश्विक तनाव के बीच शेयर बाजार खुलते ही लचीलापन दिखा रहा

**मुंबईः** वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर अनिश्चितता और इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष में बढ़ते तनाव से भरे सप्ताह में, भारतीय शेयर बाजार ने लचीलापन दिखाया क्योंकि मंगलवार की शुरूआती घंटी बजते ही सूचकांकों में तेजी का अनुभव हुआ। प्री-मार्केट परिदृश्य सपाट दिखाई दिया, लेकिन हरे रंग की ओर झुकाव दिखा, और यह गति आधिकारिक बाजार खुलने तक जारी रही। भारत के शेयर बाजार के प्रदर्शन का एक प्रमुख संकेतक सेंसेक्स 331.91 अंक बढ़कर 65,844.38 पर खुला। इसी तरह, निफ्टी 78.50 अंक ऊपर खुला और दिन की शुरूआत 19,590.85 पर हुई। शुरूआती घंटी निवेशकों के लिए अच्छी खबर लेकर आई, जिसमें 45 निफ्टी कंपनियां आगे बढ़ीं, जबकि केवल 4 को गिरावट का सामना करना पड़ा और 1 अपरिवर्तित रही।



लाभ पाने वालों में अदानी पोर्ट्स, टाटा मोटर्स, हीरो मोटोकॉर्प, एमएंडएम और अदानी एंटरप्राइजेज शामिल थे, जो दिन के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं।

इसके विपरीत, बाजार खुलने के समय डॉ. रेड्डी, टीसीएस, सिप्ला, ब्रिटानिया और हिंदुस्तान यूनिलीवर शीर्ष हारने वालों में से थे। उल्लेखनीय रूप से, इजराइल-फिलिस्तीन के बीच चल रहे संघर्ष के बावजूद, भारतीय बाजारों ने मजबूत ताकत दिखाई। विशेषज्ञों का सुझाव है कि निवेशकों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्टॉक जमा करने का यह एक उपयुक्त अवसर हो सकता है। सूचना प्रौद्योगिकी, बैंक, धातु, मीडिया और फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) जैसे क्षेत्र विशेष रूप से आशाजनक हैं। प्रॉफिट आइडिया के संस्थापक और प्रबंध निदेशक, वरुण अग्रवाल ने कहा, ''इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध के बीच भारतीय बाजार काफी मजबूत दिख रहे हैं। निवेशकों को इस गिरावट का उपयोग गुणवत्ता वाले स्टॉक जमा करने के लिए करना चाहिए। आईटी, बैंक, मेटल, मीडिया, एफएमसीजी शेयरों पर फोकस। निफ्टी के सकारात्मक खुलने की उम्मीद है क्योंकि बहुत सारे वैश्विक तनावों के बावजूद कल डॉव सकारात्मक बंद हुआ था। इजराइल युद्ध से उत्पन्न कमजोरी को दूर करते हुए डॉव 200 अंक ऊपर बंद हुआ। भारतीय बाजार में आशावाद को आंशिक रूप से पिछले दिन डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज (डॉव) में सकारात्मक समापन से बढ़ावा मिला है। डॉव इजराइल युद्ध से उत्पन्न प्रारंभिक कमजोरी पर काबू पाने में कामयाब रहा और 200 अंक ऊपर बंद हुआ। यह घटनाक्रम निफ्टी के लिए सकारात्मक शुरूआत का संकेत देता है।






**महाराष्ट्र शासन**
**सार्वजनिक बांधकाम विभाग**
**सार्वजनिक बांधकाम विशेष प्रकल्प विभाग,**
**आरे गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-४०००६५**

**ई-निविदा सूचना क्रमांक - १५ सन २०२३-२०२४**

कार्यकारी अभियंता, सा.बां. विशेष प्रकल्प विभाग, आरे गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-४०००६५. सा.बां. विभाग, महाराष्ट्र शासन मधील नोंदणीकृत मजूर सहकारी संस्था (फक्त ठाणे व पालघर जिल्हा करीता) कंत्राटदारांकडून खालील कामाकरीता व "ब-१" नमुन्यातील निविदा ई-निविदा प्रणालीव्दारे (ऑनलाईन) मागवित आहेत, निविदा कागदपत्र शासनाच्या संकेतस्थळावर www.mahatender.gov.in येथून डाऊनलोड करण्यात यावी. तसेच निविदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार कोणतेही कारण न देता सक्षम अधिकारी यांनी राखून ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही.

| अ.क्र. | कामाचे नांव | कामाची अंदाजित किंमत |
|---|---|---|
| १ | मुळ गौण कामांतर्गत दुग्धव्यवसाय प्रकल्प दापचरी येथील कुर्झे धरणाच्या केबीनची दुरुस्ती व नुतनीकरण करणे. | Rs. १४,७०,८२७.०० |
| २ | मुळ गौण कामांतर्गत दुग्धव्यवसाय प्रकल्प दापचरी येथील कुर्झे धरणाच्या साफसफाई व दुरुस्ती करणे. | Rs. ११,८१,४५८.०० |
| ३ | मुळ गौण कामांतर्गत दुग्धव्यवसाय प्रकल्प दापचरी येथील कुर्झे धरणाच्या स्पिलवे पुलाची संरचनात्मक व अनुषंगिक दुरुस्ती करणे. | Rs. १३,४९,२७३.०० |
| ४ | मुळ गौण कामांतर्गत दुग्धव्यवसाय प्रकल्प दापचरी येथील सा.बां.विभाग व दुग्धप्रकल्प कार्यालयाची छताची व इतर अनुषंगिक कामांची दुरुस्ती करणे. | Rs. ९,४७,१६०.०० |

**ई-निविदा वेळापत्रक**

| | | |
|---|---|---|
| १ | निविदा डाऊनलोड करण्याचा कालावधी | दिनांक: २३/१०/२०२३ @११.०० पासून दिनांक: ३०/१०/२०२३ @ १७.३० पर्यंत |
| २ | निविदा उघडण्याचे ठिकाण दिनांक व वेळ (शक्य झाल्यास) | दिनांक: ०२ /११/२०२३ सकाळी ११.०० वाजता (शक्य झाल्यास) कार्यकारी अभियंता, सार्वजनिक बांधकाम विशेष प्रकल्प विभाग, आरे, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-४०००६५. |

खालील संकेतस्थळावर ई-निविदाची सर्व माहिती उपलब्ध आहे.

१. https://mahapwd.com
२. https://mahatenders.gov.in (सदर निविदे सूचनामध्ये काही बदल होत असल्यास वरील वेबसाईट वरती कळविण्यांत येईल)
३. कार्यकारी अभियंता, सार्वजनिक बांधकाम विशेष प्रकल्प विभाग, आरे, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-४०००६५ कार्यालयातील सूचना फलक.

Sd/-
**कार्यकारी अभियंता,**
**सार्वजनिक बांधकाम विशेष प्रकल्प विभाग,**
**आरे, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-४०००६५**

**जा.क्र. साबांविप्र-आरे/नि.लि./** १६८३
कार्यकारी अभियंता,
सार्वजनिक बांधकाम विशेष प्रकल्प विभाग,
आरे, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-४०००६५
दूरध्वनी क्र.०२२-२९२७२४४७
दिनांक :- १८/१०/२०२३

डीजीआयपीआर आरओसी - २०२३-२४/ क्र-५/C४३५२




## दुर्गा पूजा पंडाल में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी
### माता के जयकारे से गुंजायमान है पंडाल

**चुनार।** नगर में गंगेश्वरनाथ सराफां बाजार, बाल दुर्गा पूजा समिति मोची टोला, गोला बाजार, सद्दूपुर केशरबाग, गल्ला मंडी, सराय टेकौर, गांधी पार्क, रेलवे कालोनी, मोहाना, बालूघाट, सरैया सिकंदरपुर, रैपुरिया आदि पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रविवार की सुबह से अर्धरात्रि तक उमड़ी रही। गंगेश्वरनाथ सराफां बाजार पूजा समिति द्वारा कराई गई भव्य सजावट और बाल दुर्गा पूजा समिति द्वारा पंडाल में स्थापित दुर्गा की प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है ।इलेक्ट्रिक उपकरण के माध्यम से मां दुर्गा द्वारा बार बार महिषासुर का संहार कर रही है।अध्यक्ष संदीप गुप्ता ने बताया कि बाल दुर्गा पूजा समिति नगर में गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल बनी हुई है।समिति में हिंदू व मुसलमान मिल जुलकर दो दशक से अधिक समय से पूजा का आयोजन कर रहे हैं।



चुनार में बाल दुर्गा पूजा समिति के पंडाल में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा ।

# रामलीला देखने को उमड़ रही नगरवासियों की भीड़
## सेवरी मिलन, बालि सुग्रीव युद्ध आदि लीला का हुआ मंचन



सेवरी की कुटिया में बैठे हुए श्रीराम लक्ष्मण।



सेवरी मिलन प्रसंग पर कथा का रसपान कराती प्रख्यात कथा वाचिका रानी पांडेय।

**चुनार ।** नगर में श्री राघवेन्द्र रामलीला कमेटी के तत्वावधान में चल रहे इक्कीस दिवसीय रामलीला में शनिवार की रात सेवरी मिलन, सुग्रीव मिलन, बालि सुग्रीव युद्ध, सुग्रीव तिलक आदि लीला का मंचन किया गया। सेवरी प्रसंग पर वाराणसी से पधारी श्रीराम कथा वाचिका रानी पांडेय ने उपस्थित लीला प्रेमियों को कथा का रसपान कराया।उन्होंने कहा कि अच्छे कर्म करेंगे तो स्वयं भगवान आपके यहां आएगे।शनिवार की लीला में आस्वत पांडेय (राम), अस्मित पांडेय (लक्ष्मण), जितेन्द्र गिल्ली गुप्ता (सेवरी), गोविंद जायसवाल (बालि), निहाल यादव (सुग्रीव) का बखूबी अभिनय किया जिसकी लीला प्रेमियों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। लीला मंचन को सफल बनाने में कमेटी अध्यक्ष अखिलेश मिश्र, पूर्व अध्यक्ष चंद्रहास गुप्ता, डायरेक्टर अविनाश अग्रवाल,अजय शेखर पांडेय, बैकटेश्वर महराज पप्पू गुरु, ब्रह्मानंद कुशवाहा, विकास पांडेय, गौरीशंकर दीक्षित, राजकुमार गुप्ता, पवन पांडेय आदि का प्रमुख सहयोग रहा। मंच का संचालन श्याम सुंदर शाह ने किया।

## पांच हजार केस दर्ज, पर सिर्फ 23 लोगों पर कार्रवाई

**मुंबई :** ईडी ने पांच हजार केस दर्ज कर रखे हैं पर सिर्फ २३ लोगों पर कार्रवाई की गई है। इस बात का खुलासा माकपा नेता सीताराम येचुरी ने किया है।

माकपा के राष्ट्रीय महासचिव सीताराम येचुरी ने केंद्र सरकार पर ईडी के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने जिस तरह से ईडी का गलत इस्तेमाल किया है, उसका फल साल २०२४ के चुनाव में देखने को मिलेगा और जनता भाजपा को सबक सिखा देगी।






















यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com

# आपके मन में सवाल आ रहा होगा की भइया अब कौन सा मिशन शुरू होने जा रहा है

**प्रस्तुति -गौरव नंद, युवा राजनेता**

ये इतना बड़ा मिशन है कि ये एक आदमी के व्यक्तिगत हिस्सा नहीं हो सकता है ये सामाजिक मिशन है,अब हम बताते हैं इस देश की राजनीति को समझिए इस देश की सामाजिक स्थिति को समझिये देश। जब-जब विकास की बात हुई अगर आप पर कैपिटल इनकम आप देखिए एक वर्ग जो 10% वाला वर्ग आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक वो राज्य कर रहा है 90% पर यहां पर यह कहना गलत ना होगा कि 90% जिनका शोषण भी किया गया, मूलभूत प्रगति से वंचित भी किया गया। उसमें एक वर्ग ऐसा है जो आज भी इतनी दयनीय एवं घृणास्पद स्थिति में है जिसकी हम आप कल्पना भी नहीं कर सकते। आज भी आप गांव देहातों में जाएंगे तो उनकी दशा दलितों से भी ज्यादा बद से बदतर है यह अति पिछड़ा वर्ग है उनके उत्थान के लिए कोई व्यवस्था बनी ही नहीं और सभी राजनीतिक पार्टी जो भी सत्ता में आती है उन्हीं के वोट से आती हैं ये आपको पता लग गया होगा कि हालिया जाति जनगणना में ये सभी को पता है कि विवि का जो रिजर्वेशन परसेंटेज है वो उतना नहीं है जितना मिलना चाहिए।

अब दूसरी बड़ी बात उसमें भी हक वो जातियां मार रही है जो पहले से सक्षम है। लेकिन जो अति पिछड़ा वर्ग है, जिसकी राजनीति हमेशा







होती रहेंगी भाई इसका अलग करके आरक्षण दिया जाएगा। इसके लिए कुछ प्रावधान बनाए जाएंगे पर कुछ नहीं किया गया। और सच्चाई यह है कि से 40% आबादी अति पिछड़े की है और किसी भी राज्य और देश में इन्हीं की वोटों से सरकार बनती है जो मिशन की बात कर रहे थे इस वर्ग के साथ सबसे ज्यादा भेदभाव हुआ है जिसकी कोई सुनने वाला नहीं है। हम उस वर्ग को एकजुट करेंगे इसको सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक भागीदारी हर तरीके से दिलाएंगे और वो संभव है उसको एकजुटता के साथ यह वर्क इस पार्टी का साथ देगी जो अति पिछड़ा वर्ग के हितों की अनदेखी न करें।

यह सच है कि अति पिछड़ा वर्ग को सामाजिक-आर्थिक असमानताओं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और रोजगार के अवसरों तक सीमित पहुंच सहित कई चुनौतियों और नुकसान का सामना करना पड़ता है। हमारे समाज में उनकी हाशिये की स्थिति पर तत्काल ध्यान देने और उन्हें ऊपर उठाने और विकास के लिए समान अवसर प्रदान करने के लिए लक्षित हस्तक्षेप की आवश्यकता है।शैक्षिक अंतर को पाटने में मदद करने के लिए अंत्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और छात्रवृत्ति सुनिश्चित करना के साथ उनके समग्र जीवन स्थितियों को बढ़ाने के लिए बुनियादी ढाँचे के विकास में निवेश करना और भेदभाव और पूर्वाग्रह को कम करने के लिए सामाजिक समावेशन और जागरूकता कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करना। मेरा दृढ़ विश्वास है कि इन मुद्दों को संबोधित करने से न केवल अति पिछड़ा वर्ग सशक्त होगा बल्कि हमारे समाज की समग्र प्रगति और समावेशिता में भी योगदान मिलेगा। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि हम, अत्यंत पिछड़े वर्गों के सदस्य के रूप में, एक साथ आएं और अपने अधिकारों, सम्मान और बेहतर भविष्य के लिए लड़ें।

हमारे समुदाय को बहुत लंबे समय से ऐतिहासिक अन्याय और भेदभाव का सामना करना पड़ा है। लेकिन अब, हमारे लिए इन चुनौतियों से ऊपर उठने, अपनी आवाज एकजुट करने और समान व्यवहार और अवसरों की मांग करने का समय आ गया है जिसके हम हकदार हैं। हमें सामूहिक कार्रवाई की शक्ति को नहीं भूलना चाहिए। जागरूकता बढ़ाकर, अपने साथी समुदाय के सदस्यों को शिक्षित करके और स्थानीय अधिकारियों और संगठनों के साथ जुड़कर, हम सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

हमारे पूर्वजों ने हमारी आजादी के लिए लड़ाई लड़ी, और यह हमारा कर्तव्य है कि हम यह सुनिश्चित करके उस लड़ाई को जारी रखें कि जिन अधिकारों और अवसरों का उन्होंने सपना देखा था, उन्हें साकार किया जाए।

आइए अपने समुदाय के सभी सदस्यों के लिए उचित प्रतिनिधित्व और समान अवसर की मांग करें। एकजुट होकर, हम एक ताकतवर ताकत हैं और हम अपने रास्ते में आने वाली किसी भी बाधा को दूर कर और साथ मिलकर, हम अपने और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उज्जवल, अधिक समावेशी भविष्य बना सकते हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए आपकी आवाज मायने रखती है, और साथ मिलकर, हम एक महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं।



प्राचीन दुर्गा पूजा समिति गौरेया सीखड़, पंडाल में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा प्रबंधक - सतीश कुमार त्रिपाठी, उप-प्रबंधक- कृष्ण कुमार दुबे, कोषाध्यक्ष-कौशलपति त्रिपाठी



कर्पूरी मित्रों वादी एकता संस्थान भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार ठाकुर जी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री नितेश कुमार शर्मा जी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री प्रदीप नंदवंशी जी की आज दिनांक 22/10/2023 दिन रविवार को दैनिक विधान केसरी के चीफ एडीटर बड़े भाई श्री विनेश ठाकुर जी से उनके आफिस में मुलाकात हुई और सेन सविता समाज से संबंधित समाजिक एवं राजनीतिक विषयों पर चर्चा हुई। आपका भाई एवं समाजसेवक प्रदीप कुमार ठाकुर राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्पूरी वादी एकता संस्थान भारत मोबाइल 9795300358


# पं.अशोक मिश्रा ने नौ दिन के नौरातर में मुंबई में बढ़ाया भक्ति के प्रति श्रद्धा का उत्साह -अनिल शर्मा

**मुंबई,** प. अशोक मिश्रा चकमलाई जौनपुर 10दिवससीय मुंबई दौरे पर आये थे .शौभाग्य यह था की हिन्दू धर्म का महापर्व नौ दिन नौरात्र के पावन पर्व पर मुंबई में होने के कारण जनपद जौनपुर सहित कई जिले के उत्तर भारतीयों के घर जाकर बढ़ाया श्रद्धा के प्रति भाव और जैसे मिडिया के माध्यम से जैसे जैसे लोगो को मालूम पड़ा वैसे वैसे प.अशोक मिश्रा जी से मिलने वालो का ताता सा लगा रहा प .अशोक मिश्रा ने मिलने वालो को दी आशीर्वाद और कहा जिस घर में भक्ति होगी उस घर में सुख शांति जरूर रहेगी ,और उत्तर भारतीय मोर्चा अध्यक्ष अनिल शर्मा ने भी प .अशोक मिश्रा से अस्टमी के दिन मिलकर ली आशीर्वाद और हिन्दू धर्म का पवित्र पशु गाय का सम्मान चिन्ह देकर की बिदाई !



# अनिल शर्मा ने दसहरा की दी शुभकामनाये और कहा असत्य पर सत्य की जित ही दसहरा है !

**मुंबई,** अनिल शर्मा ने कहा अधर्म पर धर्म की विजय, असत्य पर सत्य की विजय, बुराई पर अच्छाई की विजय, पाप पर पुण्य की विजय, अत्याचार पर सदाचार की विजय, क्रोध पर दया, क्षमा की विजय, और अज्ञान पर ज्ञान की विजय यही है दसहरा का त्यौहार और सभी देश वासियो को दी दशहरा की शुभकामनाएं !



# दिनेश शर्मा संस्था अध्यक्ष भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा सिमिति ने दसहरा की दी शुभकामनाएं



**जौनपुर,** दिनेश शर्मा ने कहा दशहरा झूठ पर सच, बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है।

दशहरा सत्य, धर्म और अच्छाई का पर्व है। दशहरा पर्व हमें अपने भीतर की बुराई को खत्म करके अच्छाई को अपनाने का संदेश देता है। पाप पर पुण्य की विजय का पर्व दशहरा नवरात्रि के नौ दिनों बाद आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को आता है। इसलिए इसे विजयदशमी भी कहते हैं, जो बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। नवरात्रि और दशहरा दोनों सांस्कृतिक और धार्मिक उत्सव हैं, जो हिंदू धर्म के लोगों के लिए काफी महत्त्वपूर्ण और अहम हैं। इस लिए संस्था की तरफ से सभी स्वजातीय भाइयो व बहनो को दी शुभकामनाये !

# एम. डब्ल्यू. ओ. की चंदौली जिला इकाई का हुआ गठन

## निरंजन शर्मा अध्यक्ष, व श्याम नारायण शर्मा उपाध्यक्ष बने

**शहाबगंज चंदौली :** नंद, नाई, सेन, सविता, समाज के साथ साथ अति पिछड़े समाज का लोकप्रिय-जुझारू संगठन महापद्मानंद वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन (एम.डब्ल्यू.ओ.) की चंदौली जनपद इकाई का गठन शनिवार को किया गया। पूर्व सूचना के आधार पर होरीलाल शर्मा पूर्व प्रधान जी मसोई शहाबगंज के आवास पर नाई समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। इस बैठक में संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, उपाध्यक्ष रंजीत शर्मा, महासचिव शिवदयाल शर्मा, सचिव उदय राज शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित हुए।

सर्वसम्मति से निरंजन शर्मा को जिला अध्यक्ष, श्याम नारायण शर्मा को जिला उपाध्यक्ष, राधेश्याम शर्मा को जिला सचिव, अशोक कुमार शर्मा को जिला संरक्षक, आजाद शर्मा व सियाराम शर्मा को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया, उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में समाज को सशक्त और सुदृढ़ बनाने तथा अन्याय-अत्याचार, शोषण दमन उत्पीडन से लड़ने के लिए संगठन रूपी हथियार आवश्यक है। जिस समाज का संगठन नहीं, उसका उत्पीडन सबसे ज्यादा होता है। अतः हमें अपने गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेते हुए मजबूत संगठन बनाने का संकल्प लेना होगा तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों, अंधविश्वासों के खिलाफ भी लड़ना होगा। उन्होंने युवाओं को रक्तदान के लिए भी प्रेरित करते हुए रक्तदान के फायदे गिनाए। रंजीत शर्मा ने लोगों को संबोधित हुए करते हुए कहा कि जनपद चंदौली के सभी तहसीलों व ब्लॉकों में संगठन को मजबूत करते हुए कमेटियों का गठन शीघ्रातिशीघ्र किया जाय ताकि समाज में पिछले पंक्ति के लोगों को जागरूक व उनके हक अधिकार की लड़ाई को मजबूत किया जा सके।



महासचिव शिवदयाल शर्मा ने संगठन की मजबूती पर खुलकर चर्चा परिचर्चा करते हुए संगठन की शुरूआत से लेकर अब तक की उपलब्धियां गिनाई।उपस्थित सभी लोगों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डाक्टर राधेश्याम शर्मा व संचालन उदय राज शर्मा ने किया। बैठक में चंदौली जनपद से बनवासी शर्मा,नन्हेलाल शर्मा, पन्ना शर्मा,अजय कुमार, अनिल शर्मा, संतोष शर्मा, सचानू शर्मा, राजेश शर्मा, संजय शर्मा, सरयू कुमार बिंद, शंभू पासवान आदि सहित सैकडो लोग मौजूद रहे।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर सामाजिक न्याय महारैली सहजनवा गोरखपुर में 4 नवंबर को

**कदम कदम पर संवाददाता**

**अमेठी :** राष्ट्रीय नाई महासभा, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राम भवन शर्मा के नेतृत्व में नन्द, सेन, सविता, श्रीवास, श्रीवास्तव, ठाकुर, शर्मा, वर्मा, नंदवंशी इत्यादि टाइटल लिखने वाले नाई समाज ने अपने को संगठित करते हुए बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व सामाजिक न्याय के पुरोधा, अति पिछड़े वर्ग को भी आरक्षण का फायदा पहुंचाने के लिए पिछड़े वर्ग के 27 प्रतिशत आरक्षण को बांटने का फामूर्ला लागू करने वाले जननायक कर्पूरी ठाकुर के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जननायक कर्पूरी ठाकुर सामाजिक न्याय महारैली का विशाल आयोजन किया है।

यह महारैली आगामी 4 नवंबर 2023 दिन शनिवार को शारदा प्रसाद रावत महाविद्यालय प्रांगण, भीटी रावत, सहजनवा, जनपद गोरखपुर में आयोजित की गयी है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मुख्य अतिथि होंगे तथा समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता राम प्रसाद चौधरी तथा राम अचल राजभर विशिष्ट अतिथि एवं अति




विशिष्ट आजाद गांधी पूर्व विधान परिषद सदस्य बिहार प्रांत व राष्ट्रीय नाई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे। महापदमनंद वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन (M.W.O.) के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने इस संवाददाता के साथ जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस महारैली में पूर्वांचल के गोरखपुर, देवरिया, बस्ती, संत कबीर नगर, सिद्धार्थ नगर, बलिया, मऊ, आजमगढ़, गाजीपुर,वाराणसी, जौनपुर, भदोही,मिजार्पुर, सोनभद्र, चंदौली, गोंडा, अयोध्या, सुल्तानपुर, अमेठी, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, लखनऊ के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के तमाम जनपदों के नाई समाज के लगभग एक लाख लोग शिरकत करने वाले हैं। एम डब्ल्यू ओ संगठन ने अपने सभी जनपदों के जिला अध्यक्षों से भारी संख्या में महारैली में पहुंचने की अपील किया है।

# भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा सिमिति के पदाधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि



**खुंसापुर,** दिनांक 19/10/2023 दिन गुरुवार को संस्था अध्यक्ष श्री दिनेश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में श्री रमाशंशर शर्मा के ( खुंसापुर )ज्येष्ठ पुत्र स्व० अशोक शर्मा के शोकसभा कार्यक्रम में पहुंच कर स्मृति शेष अशोक शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर शोकासभा में श्रद्धांजलि अर्पित किए।

संस्था अध्यक्ष ने कहा मृत्युभोज बंद करने की अपील किए संस्था प्रभारी/मुख्य सचिव शैलेंद्र शर्मा ने कहा दुःख की इस घड़ी में संस्था आप के साथ खड़ी है।

शोकसभा में उपस्थित श्री डबलू शर्मा, रामगरीब शर्मा, दिनेश शर्मा, रमेश शर्मा,संदीप शर्मा, अभय शर्मा, गोदी शर्मा, आदि उपस्थित रहे

# गैंगस्टर रवि पुजारी का करीबी हवाई अड्डे से गिरफ्तार

## रंगदारी के मामले में था वांछित

**मुंबई,** मुंबई पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। दरअसल, पुलिस ने यहां छत्रपति शिवाजी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जबरन वसूली के मामले में वांछित गैंगस्टर रवि पुजारी के एक करीबी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।



शहर की अपराध शाखा के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने गुरुवार को विजय पुरुषोत्तम साल्वी उर्फ विजय ताम्बत को गिरफ्तार किया, जिसके खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि साल्वी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 385 (जबरन वसूली) और अन्य संबंधित प्रावधानों तथा मकोका के तहत मामला दर्ज किया गया था और पुलिस ने उसके लिए लुकआउट सर्कुलर जारी किया था।

अधिकारी ने बताया कि साल्वी जब संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से एक विमान से हवाई अड्डे पर पहुंचा तो आव्रजन अधिकारियों ने उसे हिरासत में ले लिया और ठाणे शहर पुलिस की अपराध शाखा के अधिकारियों को सौंप दिया।पुलिस के अनुसार, साल्वी जबरन वसूली के एक मामले के सिलसिले में वांछित था, जिसमें गैंगस्टर रवि पुजारी ने 2017 में रोमा बिल्डर्स के महेंद्र पमनानी से 10 करोड़ रुपये की जबरन वसूली की मांग की थी। उन्होंने बताया कि पुजारी ने पमनानी को कथित तौर पर जान से मारने की धमकी भी दी थी और ठाणे में बिल्डर के कार्यालय में शार्पशूटर भेजे थे।

अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने कथित आरोपी को आग्नेयास्त्रों के साथ गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि साल्वी के खिलाफ कस्तूरबा मार्ग, समता नगर और कसारवाड़ावली पुलिस थानों में हत्या के प्रयास और शस्त्र अधिनियम के तहत मामले दर्ज हैं। भूमि दुरुपयोग मामले में शिवसेना(यूबीटी) विधायक रवींद्र वायकर को ईओडब्ल्यू को किया तलब

भूमि दुरुपयोग मामले में मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने शिवसेना(यूटीबी) विधायक रवींद्र वायकर को सोमवार को तलब किया है। अधिकारी ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए कहा, बृहन्मुंबई नगर निगम को कथित तौर पर गुमराह करने और 2021 में जनवरी और जुलाई के बीच अवैध रूप से एक लक्जरी होटल के निर्माण के लिए धोखाधड़ी की अनुमति प्राप्त करने के लिए उनके और अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर में अपना बयान दर्ज करने के लिए बुलाया गया। एफआईआर के अनुसार, जोगेश्वरी-विक्रोली लिंक रोड के किनारे स्थित भूमि खेल और मनोरंजन उद्देश्यों के लिए आरक्षित थी और सार्वजनिक उपयोग के लिए वाइकर और अन्य को आवंटित की गई थी लेकिन उन्होंने इसका इस्तेमाल व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए करोड़ों रुपये कमाने के लिए किया।